राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**169/2024***

राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व० बी० पी० मंडल की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 25 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० बी०पी० मंडल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ, पटना के चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय मंत्रीगण तथा कई गणमान्य लोगों ने भी स्व० बी०पी० मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

उक्त जन्म दिवस समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में 'बिहार गीत' की भी प्रस्तुति की गई।

....